दिनांक-28.12.2024 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार आज, आकाशवाणी पर होगा सीधा प्रसारण
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगो के साथ अपने विचार सांझा करेंगे
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि ई मंडी योजन का एक जनवरी से होगा विस्तार
- क्रिकेट में आस्टेलिया के खिलाफ भारत ने चौथे टेस्ट के तीसरे दिन सात विकेट खो कर 221 रन बना लिए हैं

आकाशवाणी-अंतिम संस्कार प्रसारण

पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार आज किया जाएगा। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने बताया कि उनकी अंतिम यात्रा आज सवेरे साढे नौ बजे नई दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय से श्मशान घाट तक जाएगी। आकाशवाणी का दिल्ली केंद्र सुबह 11 बजे से अपने एफ.एम. रेनबो, इंद्रप्रस्थ, आकाशवाणी लाइव न्यूज 24x7 चैनल पर अंतिम संस्कार का सीधा प्रसारण करेगा। आकाशवाणी के सभी स्थानीय और प्राथमिक चैनल भी इसे प्रसारित करेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित करेगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार को कल इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से अनुरोध प्राप्त हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के तुरंत बाद गृह मंत्री अमित शाह ने श्री खरगे और डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार को बताया कि सरकार स्मारक के लिए जगह आवंटित करेगी।

इसके पूर्व कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने डॉक्टर सिंह को उनके आवास पर श्रद्धांजलि दी। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी श्री सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

पीएम-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आइ.आर. मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज़, पी.एम.ओ. और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यू-ट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

मुख्यमंत्री- रैन बसेरों

मुख्यमंत्री डॉ. यादव यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क स्थित रैन बसेरा पहुंचे। उन्होंने रैन बसेरे में मौजूद कुरवाई के करोड़ीलाल प्रजापति, रवि शर्मा और पथरिया दमोह के दिव्यांग प्रताप मालवीय से चर्चा कर उनके हालचाल जाने और रैन बसेरे की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। राहगीरों ने बताया कि यहां की सभी व्यवस्थाएं ठीक हैं। भोजन की व्यवस्था भी होनी चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर भोपाल को निर्देशित किया कि सभी रैन बसेरों में राम-रोटी की व्यवस्था करें। दिव्यांग श्री प्रताप मालवीय ने बताया कि वह हर एक-दो दिन में आ जाते हैं, उनकी चार बेटियां हैं, गुजारे की कोई व्यवस्था नहीं है, इसलिए वे यहां आकर रहते हैं। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर को श्री प्रताप की हरसंभव मदद करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सभी को कंबल प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इसके बाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 के पास स्थित रैन बसेरा पहुंचे।

ई-मंडी योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ई-मंडी योजना एक जनवरी 2025 से प्रदेश की बी-क्लास की 41 मंडियों में विस्तारित की जा रही है। मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड (मंडी बोर्ड) अपनी महत्वपूर्ण ई-मंडी योजना का विस्तार कर रहा है। पूर्व से ई-मंडी योजना 42 मंडियों में क्रियाशील है। मंडियों को सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिये प्रदेश में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

ई-मंडी योजना से किसान मंडियों में अपनी उपज के विक्रय के लिये स्वयं अपनी पर्ची बना सकेंगे। मंडी ऐप से किसानों को सुविधा होगी। उन्हें उपज विक्रय के लिये या प्रवेश पर्ची के लिये लाईन में नहीं लगना होगा। ई-मंडी योजना के तहत मंडी प्रांगण में प्रवेश से लेकर नीलामी, तौल तथा भुगतान तक की कार्यवाही कंप्यूटराइज्ड रहेगी।

मंडियों को हाईटेक बनाया जा रहा है। लक्ष्य रखा गया है कि 01 अप्रैल 2025 से सभी 259 मंडियां ई-मंडी के रूप में कार्य करें। किसानों को यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है कि वह मंडी आने से पहले मंडी में अपनी प्रवेश पर्ची स्वयं अपने मोबाइल से बना सकते हैं।

कौशल विकास

प्रदेश में तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास को नई दिशा देने के लिए कौशल विकास संचालनालय और सीमेंस लिमिटेड के बीच इन्डो-जर्मन इनिशिएटिव फॉर टेक्निकल एजुकेशन प्रोग्राम के दूसरे चरण के तहत द्विपक्षीय समझौता संपन्न हुआ। इस प्रोग्राम के तहत प्रदेश के चार प्रमुख इंडस्ट्री क्लस्टर के अंतर्गत 40 शासकीय आईटीआई का चयन किया गया है। इन संस्थानों में 10 प्रमुख ट्रेड्स, जैसे इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, फिटर, टर्नर, और वेल्डर के छात्रों को उद्योग आधारित “इन-प्लांट ट्रेनिंग“ दी जाएगी। इसमें विशेषज्ञ न केवल इन ट्रेड्स के छात्रों को प्रशिक्षण देंगे।

क्रिकेट भारत-ऑस्ट्रेलिया

मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के साथ चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच के आज तीसरे दिन ताजा समाचार मिलने तक भारत ने पहली पारी में सात विकेट गवा कर 221 रन बना लिये हैं। फालोआन टालने के लिए उसे अभी भी 54 रन की दरकार हैं। निशीत कुमार रेडी 54 और बासिंग टन सुन्दर 2 रन बना कर क्रिज पर हैं। कल यशस्वी जायसवाल 82 जबकि विराट कोहली 36 रन बनाकर आउट हुए।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में 474 रन बनाकर आउट हो गई। स्टीव स्मिथ सबसे अधिक 140 रन बनाकर आउट हुए।

पांच मैच की श्रृंखला में दोनों टीमें एक-एक की बराबरी पर हैं।

किंग्स कप बैडमिंटन

किंग्स कप इंटरनेशनल बैडमिंटन ओपन में, भारतीय शीर्ष शटलर लक्ष्य सेन ने आज चीन के शेनझेन में, हांगकांग चीन के एंगस एनजी का लोंग को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। 12वीं रैंक वाले भारतीय खिलाड़ी ने अपने 17वीं रैंक वाले प्रतिद्वंद्वी को 10-21, 21-13, 21-13 से हराया। यह जीत लक्ष्य सेन की लोंग के खिलाफ चार मुकाबलों में पहली जीत है। वह तीन दिवसीय किंग कप प्रतियोगिता में भाग लेने वाले आठ शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ियों में से एक हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मध्यप्रदेश को विकसित राज्य बनाने के उद्देश्य से विकसित मध्यप्रदेश 2047 विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है। रायसेन जिले में भी इसको लेकर तैयारिया पुरी कर ली गई है।
- शिवपुरी जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत समस्त विकासखण्डों में निवासरत दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण प्रदाय किये जाने हेतु, परीक्षण शिविरों का आयोजन 3 जनवरी से किया जाएगा।
- राजधानी भोपाल में तेज ठंड का दौर जारी है। ठंड के साथ शहर में बारिश भी हो रही है। आज सुबह भी राजधानी में मावठे का असर देखा गया। सड़को पर विजिब्लटी बहुत कम रही।
- उधर प्रदेश गुना, पन्ना, दमोह, शिवपुरी, राजगढ़ आदि जिलो में गरज चमक के साथ हल्की बारिश हुई। इसके साथ ही सर्दी में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है।
- युवाओ को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आगरमालवा जिला रोजगार कार्यालय में 3 जनवरी को शिविर आयोजित किया जएगा।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार आज, आकाशवाणी पर होगा सीधा प्रसारण
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगो के साथ अपने विचार सांझा करेंगे
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि ई मंडी योजन का एक जनवरी से होगा विस्तार

- क्रिकेट में आस्टेलिया के खिलाफ भारत ने चौथे टेस्ट के तीसरे दिन सात विकेट खो कर 221 रन बना लिए हैं

....................